Title: Need to start work on second phase of drinking water project in Churu Parliamentary Constituency, Rajasthan - Laid.

श्री रामसिंह कस्वां (चुरू): अध्यक्ष महोदय, राजस्थान के विशेा रूप से चूरू संसदीय क्षेत्र में पीने के पानी की विकट समस्या है। इसे हल करने व चूरू जिले को पेयजल प्रदान करने के लिये जर्मन सरकार की सहायता से आपणी योजना के तहत कार्य चालू है, जिसका प्रथम फेज लगभग पूरा हो गया है। दूसरा फेज, जिसमें श्रीडूँगरगढ़ विधान सभा क्षेत्र व लाड़नूं विधान सभा क्षेत्र को छोड़कर पूरा संसदीय क्षेत्र है, का कार्य आज तक चालू नहीं हुआ है। राजस्थान सरकार व जर्मन सरकार के समझौते के अनुसार द्वितीय फेज का कार्य चालू हो जाना चाहिये था, लेकिन अभी तक कार्य शुरू नहीं हुआ।

अतः मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री से निवेदन करना चाहता हूं कि उक्त योजना चूरू जिले के लिये जीवनदायी योजना है एवं इस योजना का द्वितीय फेज का कार्य अविलम्ब चालू करने का कट करायें ताकि शेा बचे गांवों व कस्बों को राहत मिल सके।